तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 3 अगस्त 2025

10 स्वच्छता व सुरक्षा पर हुई चर्चा, 'गुड टच-बैड...



12 शिव महापुराण में गणेश जन्मोत्सव प्रसंग ..





## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवको के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर...

**बलौदाबाजार।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान बलौदाबाजार में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12 वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइन प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI बलौदाबाजार मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं। तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएँ होती है। साथ ही फायर एवं ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं। संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस पर काम कर रहे हैं। संस्था FSDMI बलौदाबाजार में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जायेगी, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों की सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा एवं निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सह सहायता की जायेगी, सभी वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं को संस्था के द्वारा शुल्क में विशेष छूट दी जाती है।

**इच्छुक छात्र आवेदन करें**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. एडवांस डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
4. पोस्ट डिप्लोमा फायर एवं सेफ्टी
5. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो.: 9826115066, पता : फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्युट (निजी संस्थान) पं. चक्रपाणी हाई स्कूल के सामने बलौदाबाजार (छ.ग.)**

### खबर संक्षेप

## सिंधी महिला मंडल ने भोजन वितरण कर दिया सेवा का संदेश



**भाटापारा।** सिंधी महिला मंडल भाटापारा द्वारा सेवा के लिए हमेशा तत्पर की भावना को चरितार्थ करते हुए उसके अन्तर्गत श्री ठारूमल पेट्रोल पंप के सामने दोपहर को भोजन वितरण किया गया।इस अवसर पर पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत के अध्यक्ष इंदरलाल थारानी, उपाध्यक्ष कैलाश बालानी, महासचिव राजेश छाबड़िया, बिरादरी पंचायत के अध्यक्ष भीषम गुरयानी संस्था की अध्यक्षा सोनी छाबड़िया, उपाध्यक्ष शीतल आर्य सचिव कोमल थदवानी सहित संस्था की रेखा माधवानी, रीमा बत्रा, कनक माधवानी, सुनीता गुरयानी, संजना सबलानी, प्रिया माधवानी, सुमन गोविंदानी, मीना छाबडिया, हीरा कुकरेजा, अंशू छाबडिया, वर्षा पंजवानी, निव्या छाबडिया, सरला निहलानी, मन्नत पंजवानी, हीरा कुकरेजा, कंगना माधवानी, पूनम लेखवानी व बाबू गुरयानी आदि उपस्थित रहे।

## भारती वर्मा ने सहायक संचालक को भेंट की अपनी पुस्तक



**सिमगा।** विकासखंड सिमगा की शिक्षिका भारती वर्मा के द्वारा अपने शिक्षकीय अनुभवों के आधार पर लिखित बाल कहानी संग्रह प्रतिष्ठा जिसमें 20 कहानियों को संजोया गया है, उसे राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के सहायक संचालक डॉ एम सुधीश को सौजन्य मुलाकात कर भेंट किया गया। इस पर डॉ एम सुधीश ने शिक्षिका को बधाई देते हुए पुस्तक के कहानियों को सरल और मनोवैज्ञानिक रूप में प्रस्तुत करने पर सराहा और कहा कि निश्चित ही पाठकों को यह पुस्तक पसंद आएगा और बच्चों को पालकत्व में मददगार साबित होगा।

### पुरानी रंजिश के चलते हुई थी मारपीट पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष, एक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल


थानांतर्गत ग्राम मडकड़ा और झबड़ी के युवकों के बीच दो पक्षों मे जमकर मारपीट होने के बाद एक युवक की मौत हो गई। वहीं, दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है, यह पूरा मामला शनिवार की देर रात का बताया जा रहा है, जहां मामले की जानकारी मिलते ही आरोपी को पकड़ने कसडोल पुलिस मडकड़ा पहुंची। जिसके बाद पुलिस की गाड़ी को ग्रामीणों ने घेरकर प्रदर्शन करने लगे। साथ ही पुलिस और प्रशासन की गाड़ियों में तोड़फोड़ भी की गई।

बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले भी दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने की जानकारी सामने आ रही है। वहीं जानकारी के अनुसार पुरानी रंजिश या अन्य मामलों के चलते दो गांव के लोग आपस में भिड़ गए हैं। मौके पर बड़ी संख्या में कसडोल पुलिस मौजूद रही है।



### आरोपी को पकड़ने गई पुलिस की गाड़ी को ग्रामीणों ने घेरा, की तोड़फोड़





### दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राहुल वर्मा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 1 अगस्त को प्रार्थी, अमन वर्मा, त्रिलोकचंद उर्फ नानू कौशिक एवं मेमचंद कौशिक के साथ अलग-अलग बाइक से शाम लगभग 5:00 बजे थरहीडीह से वापस अपने ग्राम झबडी आ रहे थे। इसी बीच थरहीडीह नर्सरी के पास आरोपी अजय केवट एवं अन्य द्वारा प्रार्थी एवं त्रिलोकचंद कौशिक की मोटरसाइकिल को रोककर अश्लील गाली गलौज करते हुए त्रिलोकचंद कौशिक एवं मेमचंद कौशिक पर लोहे की टंगिया, लाठी, डंडा आदि से हमला कर दिया गया। घटना के दौरान प्रार्थी डर के मारे वहां से भाग गया। मारपीट करने से त्रिलोकचंद कौशिक उर्फ नानू निवासी ग्राम झबडी की मृत्यु हो गई एवं एक अन्य मेमचंद कौशिक गंभीर रूप से घायल हो गया। रिपोर्ट पर थाना कसडोल में अपराध क्र. 526/2025 धारा 127 (1), 296, 191 (2), 191 (3), 190, 109, 103 (1), 324 (4), 324 (5) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### आरोपियों ने कबूला अपराध

आरोपी अजय केवट एवं लकी केवट को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर गंभीर रूप से मारपीट करते हुए एक व्यक्ति की हत्या करना एवं एक अन्य व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समस्त प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

## राज्य स्तरीय कब-बुलबुल उत्सव के लिए गोपालपुर से दल रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य अध्यक्ष माननीय बृजमोहन अग्रवाल, राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव व राज्य सचिव कैलाश सोनी एवं राज्य संयुक्त सचिव शिवानी गनवीर के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय कब-बुलबुल उत्सव एवं चतुर्थ चरण/हीरक पंख जांच शिविर का आयोजन दिनांक 02 अगस्त से 5 अगस्त 2025 तक नवीन संगीत महाविद्यालय, सरकंडा (साइंस कॉलेज मैदान), जिला-बिलासपुर में किया जा रहा है।

■ सारंगढ़-बिलाईगढ़ के 8 कब प्रतिभागी बिलासपुर में होंगे शामिल, उत्साह के साथ दी गई विदाई

इस शिविर में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले से 8 कब तथा उनके साथ प्रभारी कब मास्टर कुशल कुमार मिरी प्रतिभागिता हेतु रवाना हुए। दल को भटगांव में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला सचिव डॉ. पूनम सिंह साहू, जिला प्रशिक्षण आयुक्त शंकर लाल साहू, विकासखंड सचिव (बिलाईगढ़) हेतराम चेलक सहित कब ▶▶ शेष पेज 11 पर

## कृषि विभाग की पहल पर किसानों को मिला अरहर बीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

शासकीय कृषि विभाग, बलौदाबाजार एवं अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र, हिरमी के कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में निकटवर्ती ग्रामों के 33 कृषकों को अरहर बीज का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम कृषकों की आय वृद्धि एवं खेत की मेड़ों के प्रभावी उपयोग के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

■ 33 किसानों को बांटे गए बीज, खेत की मेड़ों से अतिरिक्त आय कमाने का दिया गया मंत्र

कार्यक्रम का उद्देश्य था कि धान की मुख्य फसल के अतिरिक्त खेत की मेड़ों पर अरहर की खेती कर कृषक अतिरिक्त आय अर्जित करें। कृषि अधिकारी वर्मा ने बीज रोपण की विधि, नवीन कृषि तकनीकी तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की। संयंत्र के कार्मिक प्रमुख तरुण जैन ने इसे कृषकों के लिए लाभकारी पहल बताया तथा भविष्य में कृषि विभाग के सहयोग से और भी योजनाओं का लाभ कृषकों तक पहुंचाने का सुझाव दिया।

कार्यक्रम का संचालन ग्रामीण विकास विभाग के आशुतोष खरे द्वारा किया ▶▶ शेष पेज 11 पर



## जमीन बेचने के नाम पर 50 लाख की धोखाधड़ी, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

प्रार्थी राधेश्याम आर्य निवासी संतकंवर राम वार्ड भाटापारा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि प्रार्थी को आरोपियों द्वारा ग्राम दरचूरा में भूमि क्रय करने हेतु दिखाया गया, जिस पर प्रार्थी द्वारा कमलेश अग्रवाल नामक व्यक्ति को 5 लाख टोकन के रूप में दिया गया।

■ दरचूरा में हुई घटना, फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड से की ठगी

0 सिमगा पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा, रिमांड पर लेकर कर रही पूछताछ

एक सप्ताह बाद उक्त जमीन की बिक्री नामा नोटरी युक्त इकरारनामा निष्पादित कराया गया एवं कुल 45 लाख रुपए कमलेश अग्रवाल एवं अजय अग्रवाल नामक व्यक्ति को प्रार्थी द्वारा दिया गया। इसके बाद किसी अन्य के माध्यम से प्रार्थी को पता चला की जमीन बेचने के नाम से आरोपियों द्वारा उससे ठगी किया गया है। प्रकरण में पुलिस में विवेचना कार्यवाही करते हुए एक आरोपी प्रवीण मसीह उर्फ बबलू उम्र 50 निवासी ग्राम विश्रामपुर थाना सिमगा को हिरासत में लिया गया है। आरोपी को न्यायालय को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है ।



### फर्जी दस्तावेज बनाकर की धोखाधड़ी

प्रार्थी द्वारा जमीन बिक्री के दौरान मिले लोगों से संपर्क करने का प्रयास किया गया, किंतु संपर्क नहीं हो पाया। प्रार्थी द्वारा स्वयं जांच करने पर पता चला कि जिस भूमि को कमलेश अग्रवाल एवं उसका पोता अजय अग्रवाल ने जिस व्यक्ति को भूमि स्वामी कमलेश अग्रवाल बताकर भूमि का सौदा कराया था वह व्यक्ति भूमि का मूल भू-स्वामी कमलेश अग्रवाल नहीं है। इस प्रकार प्रार्थी के साथ जमीन खरीदने की बात को लेकर 50 लाख रुपए की धोखाधड़ी आरोपियों द्वारा की गई है। आरोपियों द्वारा छद्मम वेश धारण कर फर्जी आधार कार्ड, फर्जी पैन कार्ड एवं कुटरचित दस्तावेज तैयार कर षड्यंत्र पूर्वक योजनाबद्ध तरीके से जमीन का सौदा कर 50 लाख रुपए हड़पने के लिए धोखाधड़ी किया गया हैं। रिपोर्ट पर थाना सिमगा में अपराध कायम कर धारा 318(4), 3(5), 336(2), 337, 338 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### करोड़ों की लागत से बना पुल बद से बदतर, निकले सरिए और गड्ढे दे रहे दुर्घटनाओं को न्योता

# सालिहाघाट पुल का हाल बेहाल, राहगीरों की जान पर आफत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

भटगांव से 8 किलोमीटर की दूरी, पर सालिहाघाट महानदी में बना पुल जांजगीर चांपा को जोड़ने वाला सलिहाघाट महानदी में बना पुल बसंतपुर ब्रिज-सेतु योजना के तहत निर्माण कराए गये करोड़ो के पुल का हाल बेहाल हैं। यह पुल भटगांव से चांपा, जांजगीर और कोरबा जाने के लिए सबसे सुगम रास्ता है जिसके लिए भटगांव और सालिया घाट के लोगों ने वर्षों से पुल निर्माण की मांग करते रहे तब जाकर यह पुलिया निर्माण कार्य हुआ लेकिन निर्माण तो हो गया। लेकिन इसकी देखरेख और सुरक्षा के विषय में जिम्मेदार अधिकारियों को शुध लेने की फुर्सत नहीं जहा पुल में बने गढ्ढे और निकले सरिया-छंड़ बड़ी दुर्घटनाओं को न्यौता दे रही हैं। स्थानीय जनता व आमजन जल्द ही पुल की मरम्मत करने की माँग की है।

■ स्थानीय लोगों ने की पुल की तत्काल मरम्मत की मांग



यह ब्रिज भटगांव बिर्रा चांपा और कोरबा को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है, जहाँ सैकड़ो हजारों वाहन और राहगीर इस रोड का उपयोग करते हैं क्योंकि ये जांजगीर चाम्पा और कोरबा जाने का सबसे कम दूरी और सीधा पहुंच मार्ग है, चाम्पा स्टेशन भी नजदीक है, सलिहाघाट पुल इन दिनों लोंगों की जान पर आफत बनी है। लगभग 1 किलोमीटर तक कि बनाई गई सेतु-ब्रिज ▶▶ शेष पेज 11 पर

### काम होगा चालू

ऊपर केन्द्र में चर्चा हो गया है बहुत जल्द भटगांव सलिहाघाट जो जांजगीर जिले को जोड़ता है पुल का मरम्मत कार्य चालू हो जायेगा।

- **कमलेश जांगड़े,** सांसद जांजगीर चांपा लोकसभा

### मरम्मत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति

सम्बन्धित विभाग व ठेकेदार भी इस हालात से बेखबर है। प्रशासनिक अनदेखी का खामियाजा आमजन को चुकाना पड़ रहा हैं। आए दिन दुर्घटना बढ़ रही हैं। वहीं लोंगों ने आगे बताया कि इस पुल की रिपेयरिंग भी समय-समय पर किया जाता है लेकिन वो दिखावे बस का बनकर रह जाता है। महज कुछ दिनों में ही फिर से उखड़ जाता है और समस्यां जस का तस हो जाता है। ऐसे में लोंगों ने माँग की है कि जल्द ही इस पुल की मरम्मत की जाए जिससे कि आवागमन बाधित न हो और आमजनों के साथ होने वाली बड़ी दुर्घटनाओं को रोकी जा सकें।जानकारी के मुताबिक ब्रिज-सेतु पुल पुलिया निर्माण के तहत सलिहाघाट पुल का निर्माण बिलासपुर डिवीजन से किया गया है जिनकी तमाम देख-रेख व मरम्मत का कार्य भी बिलासपुर डिवीजन ही करते हैं।

## स्कूल में धूमधाम से मनाया गया फ्रेंडशिप डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

दोस्त धरती पर भगवान की तरह हैं, जिनसे हर तरह की भावनाओं को सांझा किया जा सकता है। इसी सोच के साथ रियल लाइफ पब्लिक स्कूल खरोरा में फ्रेंडशिप डे मनाया गया। बच्चों को दोस्तों की अहमियत बताने के लिए कार्यक्रम का आयोजन हुआ। स्कूल के बच्चे अपने दोस्तों के लिए फ्रेंडशिप बैंड लेकर आए जिन्हें उन्होंने अपने दोस्तों की कलाइयों पर बांधा। साथ ही दोस्ती पर बच्चों ने बात भी की।

टीचर्स ने बच्चों को इस दिन के महत्व के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के निदेशक राघवेंद्र गोस्वामी ने दोस्ती का महत्व के बारे में कहा - दोस्ती जीवन में विश्वास, अपनापन, और सहारा देती है। एक सच्चा मित्र जीवन के हर मोड़ पर साथ खड़ा रहता है, चाहे वह सफलता की चोटी हो या असफलता की गहराई। दोस्त हमें हमारी गलतियों का एहसास कराते हैं, हमें बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा देते हैं और जीवन के हर क्षण को खास बना देते हैं। दोस्ती वह रिश्ता है जो उम्र, जाति, धर्म, भाषा और सामाजिक वर्ग की सीमाओं से परे होता है। स्कूल के



## खबर संक्षेप



### सशिमं में मनाई गई प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती

**खरोरा** । सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय खरोरा में 2 अगस्त शनिवार को रसायन शास्त्री प्रफुल्ल चंद्र राय जी का जयंती मनाया गया। प्रफुल्ल चंद्र राय जी एक प्रसिद्ध रसायन शास्त्री थे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तोरण लाल कुर्रे एवं विशेष अतिथि सत्यम मिश्रा थे । श्री सत्यम मिश्रा जी ने रसायन के महत्व को अपने उद्बोधन में प्रस्तुत किया। रसायन हमारे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। इस कार्यक्रम में विद्यालय की कक्षा द्वादश की बहन निहारिका वर्मा, भूमिका साहू, भै. साहिल देवांगन, एकता पटेल एवं कांक्षी धीवर ने भाग लिया। उनके द्वारा जीवन परिचय, रसायन की विशेषता, प्रश्नावली, प्रश्नोत्तरी मंच प्रस्तुत किया गया । विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी पाटकर ने भी रसायन की विशेषताओं का वर्णन किया। आचार्य कुमारी प्रीति चंद्राकर, रंजीता गुप्ता, सीमा पंसारी, अश्वनी निषाद के द्वारा कार्यक्रम को संपन्न कराया गया । मंच संचालन द्वादश की बहन कांक्षी धीवर के द्वारा किया गया।

### बीएसएनएल ऑफिस के पास मारपीट

**महासमुंद**। बीएसएनएस ऑफिस के पास मारपीट की घटना में सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को असलम खान निवासी वार्ड नं 22 एफसीआई गोदाम के पीछे सुभाष नगर महासमुंद ने बताया कि 31 जुलाई की रात 9.30 बजे वह अपने दोस्त राजू धोबी के साथ बीएसएनएल कॉलोनी निवासी संतोष कुशवाहा से मिलने गया था, तीन जब कॉलोनी से बाहर गेट पर निकले थे, उसी समय बीएसएनएल ऑफिस के बाजू में दाबेली ठेला लगाने वाले व्यक्ति द्वारा उसे देख कर पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं करछुल से मारपीट किया गया। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## पेज 9 के शेष

### राज्य स्तरीय कब...

मास्टर कार्तिकेश्वर सिंह, नागेश्वर मांझी, नंद कुमार देवांगन, स्काउटर दीपक कुमार पाण्डेय, रुखमण सिंह सरदार, मुरारी लाल आदित्य, महेन्द्र कुमार सोनी, ताम्रध्वज चौहान प्राचार्य (गिरसा), जितेंद्र कुमार दुबे, कमलेश खटकर, गौरीशंकर कर्ष व फ्लॉक लीडर सुप्रिया यादव एवं जिला मीडिया प्रभारी ठाकुर दीपक सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी पदाधिकारियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें शिविर में अनुशासन, सहभागिता एवं आत्मनिर्भरता के साथ सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया।

### कृषि विभाग की...

गया। इस आयोजन को सफल बनाने में ग्रामीण विकास विभाग से प्रीतम पटेल, रामा साहू, मनोज वर्मा, उमाशंकर धीवर, हेमलाल साहू, सविता वर्मा एवं तारिणी राजपूत का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर कृषि विभाग से कृषि अधिकारी श्री सुचिन वर्मा एवं बी.पी. जवारिया, वहीं संयंत्र से कार्मिक प्रमुख तरुण जैन, सुरक्षा विभाग से अविनाश मिश्रा, ग्रामीण विकास विभाग से वैभव त्रिपाठी एवं आशुतोष खरे सहित विभिन्न ग्रामों से आए कृषक उपस्थित रहे।

### सालिहाघाट पुल का ...

पुल सरकारी दावें की पोल खोल रही है। करोड़ो रुपए खर्च कर बनाए पुल बद से बदतर हो चले है। स्थानीय लोंग व आवागमन करने वालों की मानें तो इस पुल में लगे रेलिंग और बाहर निकले सरिया-छंड़ मौत को दावत दे रही है। पुल के बड़े-बड़े गड्ढें भी बड़ी दुर्घटनाओं के कारण बन रहें हैं।

## बैठक : शाला में डिजिटल प्लेटफॉर्म और पोक्सो एक्ट पर भी हुई चर्चा

# पालक-शिक्षक बैठक, बच्चों के भविष्य पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने बच्चों की प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों में भविष्य की संभावना का आकलन कर पालकों के साथ समन्वय साधते उन्मुख प्रयास करने प्रदेशव्यापी पालक शिक्षक बैठक का आयोजन एक अगस्त को सभी शासकीय विद्यालयों में किया गया।

इसी कड़ी में आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के पूर्व माध्यमिक शाला भवन में प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षक एवं पालकों का प्रथम बैठक 1 अगस्त को हुआ। पालक शिक्षक बैठक का शुभारंभ सरपंच शशिकला पांडेय, पूर्व सरपंच डॉ. कृतराम वर्मा, शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष कमलेश रजक एवं उपस्थित पालकों और शिक्षकों के द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रधान पाठक ममता चौहान के द्वारा किया गया।

बैठक में रामखिलावन वर्मा, जागेश्वर वर्मा, महेश्वर रजक, हरि साहू, पंच परमानंद साहू, दुजराम वर्मा, सुमेर वर्मा, चंद्रभूषण वर्मा, पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षिका अंजू साहू, संतोषी जायसवाल, एवं प्राथमिक शाला से चंद्रावली गेंदले, अनीता बंजारे, अलका जांगड़े, रंजीत कुमार कोसले, सहित बड़ी संख्या में पालक उपस्थित थे।

### ब्लॉक में प्रथम आई छात्रा को किया गया सम्मानित



#### सीसीटीवी की व्यवस्था करने की मांग

बैठक में शाला प्रबंधन विकास समिति ने मिडिल स्कूल में पंचायत से शिक्षक की व्यवस्था करने सरपंच से मांग की एवं मिडिल स्कूल में सीसीटीवी कैमरा लगाने का सुझाव दिया गया। वही कक्षा आठवीं के चित्रलेखा वर्मा को सांस्कृतिक ज्ञान परीक्षा में ब्लॉक में प्रथम आने पर स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

#### अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा

पूर्व माध्यमिक शाला भवन में आयोजित पालक शिक्षक बैठक में 11 मुद्दे जिसमें घर का वातावरण छात्र दिनचर्या बच्चों ने आज क्या सीखा बच्चा बोलेगा बेझिझक बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा बस्ता रहित शनिवार विद्यार्थियों के कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी जाति, आय, निवास, प्रमाण पत्र न्योता भोज विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी पर चर्चा पॉक्सो एक्ट 2012 का व्यापक प्रचार प्रसार करना पर चर्चा की गई। वही विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षा दीक्षा एप ई जादुई पिटारा डिजिटल लाइब्रेरी उल्लेखित सभी एप को प्लेस्टोर से मोबाइल में डाउनलोड करने पालकों को कहा गया।

### छड़िया स्कूल में 'सुरक्षित शनिवार' कार्यक्रम, बच्चों को सिखाए

**खरोरा** । मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बार कार्यक्रम का मुख्य विषय बाल सुरक्षा एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 रहा। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षित रहने के विभिन्न उपायों से अवगत कराना, बाल अधिकारों की जानकारी देना तथा बच्चों को हर प्रकार की आपदा या संकट की स्थिति में सहायता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना था।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने बच्चों को उनके अधिकारों, जिम्मेदारियों एवं सुरक्षा से जुड़ी बुनियादी बातों की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान समय में बाल सुरक्षा एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है, और इसके लिए बच्चों को स्वयं भी सजग रहना आवश्यक है। विशेष सत्र में शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर ने बच्चों को घरेलू, विद्यालयीन एवं सार्वजनिक स्थानों पर अपनाई जाने वाली सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से समझाया। संगम कुमार मन्ना डे ने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी देते हुए बताया कि यह नंबर 24 घंटे निःशुल्क सेवा प्रदान करता है, जहां किसी भी प्रकार के शोषण, उपेक्षा, हिंसा या संकट की स्थिति में बच्चे सहायता प्राप्त कर सकते हैं।



#### बच्चों को दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

मैडम भारती तांती ने बाल अधिकारों पर एक संवादात्मक सत्र का संचालन किया, जिसमें बच्चों को उनकी शिक्षा, सुरक्षा, पोषण और सम्मान से जुड़े अधिकारों के बारे में बताया गया। बच्चों ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भागीदारी की, अपनी जिज्ञासाएं व्यक्त कीं और कई सवाल पूछे जिनका समाधान शिक्षकों द्वारा सहजता से किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को आत्मरक्षा से जुड़े सरल उपायों के बारे में भी जानकारी दी गई, जिससे वे अपने आत्मविश्वास को मजबूत कर सकें।

#### बच्चों को मिली हेल्पलाइन पर्ची

सभी प्रतिभागियों को अंत में 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन की एक छोटी सूचना पर्ची भी प्रदान की गई ताकि वे इसे हमेशा याद रखें और आवश्यकता पड़ने पर इसका उपयोग कर सकें। इस संपूर्ण आयोजन ने विद्यार्थियों में न केवल सुरक्षा के प्रति सजगता उत्पन्न की, बल्कि उन्हें यह भी सिखाया कि किसी संकट की घड़ी में चुप रहना नहीं, बल्कि सही माध्यम से सहायता प्राप्त करना ही समझदारी है। कार्यक्रम के अंत में प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्टाफ को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे जीवन की कठिन परिस्थितियों से लड़ने के लिए तैयार होते हैं। यह कार्यक्रम विद्यालय परिवार के समर्पण और जागरूकता की एक सशक्त मिसाल बनकर सामने आया।

### कनकी के स्कूली बच्चों को मिले जूते, खुशी से खिले चेहरे



**खरोरा** । विकासखंड तिल्दा नेवरा अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कनकी में आज एक सराहनीय एवं अनुकरणीय पहल के तहत विद्यालय के विद्यार्थियों को स्कूली जूतों का वितरण किया गया। यह प्रेरक कार्य विद्यालय के शिक्षक सेतकुमार देवांगन द्वारा स्वप्रेरणा से किया गया, जो बच्चों के प्रति उनकी संवेदनशीलता और समर्पण का परिचायक है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य सीमा मेश्राम, मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक आर के साहू, उच्च श्रेणी शिक्षक किशन लाल वर्मा, शिक्षक हेमंत साहू एवं ऋषिका झा की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल शिक्षा जगत में सकारात्मक संदेश देती है। जूते पाकर बच्चों के चेहरे पर प्रसन्नता की चमक देखने योग्य थी। यह प्रयास विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ विद्यालयी जीवन को और अधिक सुलभ एवं सम्मानजनक बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने शिक्षक सेतकुमार देवांगन को इस पुनीत कार्य के लिए साधुवाद ज्ञापित किया और कहा कि इस तरह की पहले शिक्षा को मानवीय मूल्यों से जोड़ती हैं और समाज में शिक्षक की सकारात्मक भूमिका को सशक्त करती हैं ।

### स्कूल संस्थापक रामप्रसाद देवांगन को पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**खरोरा** । पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, खरोरा में स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय रामप्रसाद देवांगन की पुण्यतिथि पर एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति, स्कूल स्टाफ, संस्थापक परिवार के सदस्यों, स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों और विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एकत्रित होकर स्व. देवांगन को श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके शिक्षा के क्षेत्र में किए गए अमूल्य योगदान को याद किया।

■ शिक्षा के प्रति उनके अमूल्य योगदान को याद किया गया, परिवार ने साझा की भावनाएं



संस्थापक परिवार के सदस्य गिरीश देवांगन (पूर्व खनिज निगम के अध्यक्ष) ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. रामप्रसाद देवांगन का सपना था कि हर बच्चे को शिक्षा का अवसर मिले और वह अपने जीवन में आत्मनिर्भर बने। उनके इस सपने को साकार करने के लिए उन्होंने अपने जीवन का एक बड़ा हिस्सा समर्पित किया। आज हम सभी उनके इस योगदान को गर्व के साथ याद करते हैं और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं।

श्रद्धांजलि समारोह में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, संस्थापक परिवार के सदस्यों में ईश्वरी देवांगन, हरिओम देवांगन, महेंद्र देवांगन, गिरीश देवांगन, संजीव देवांगन, अरविंद देवांगन, हरीश देवांगन, विधायक कार्यालय प्रभारी सुमित सेन, बंटी देवांगन, मयंक देवांगन, कस्तूरी देवांगन, कंचन देवांगन, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अनिल सोनी, सन्नी अग्रवाल, आलोक चंद्राकर, शेखर देवांगन, वेद देवांगन, स्कूल के प्राचार्य, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यालय के छात्र-छात्राएं भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

#### शिक्षा के प्रति समर्पण की मिसाल

शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि स्व. रामप्रसाद देवांगन ने शिक्षा की अलख जगाने के लिए इस विद्यालय की स्थापना की थी। उन्होंने न केवल स्कूल की नींव रखी, बल्कि अपनी जमीन और संसाधनों को शासन को सौंपकर समाज के प्रति अपनी निस्वार्थ भावना का परिचय दिया। उनके इस बलिदान और दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि आज खरोरा के बच्चे शिक्षा के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं और गांव का नाम रोशन कर रहे हैं। स्व. देवांगन समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत और आदर्श हैं। विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज ने अपने भावपूर्ण उद्बोधन में कहा कि स्व. रामप्रसाद देवांगन जी का शिक्षा के प्रति समर्पण और समाज के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनके द्वारा स्थापित यह विद्यालय आज न केवल खरोरा, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लिए भी शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बन चुका है। हम सभी उनके इस कार्य को जीवन पर्यंत याद रखेंगे और उनके सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## स्वच्छता व सुरक्षा पर हुई चर्चा, 'गुड टच-बैड टच' से किया सतर्क

**खरोरा** । ग्राम मुड़पार स्थित पीएम श्री स्कूल (प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला) में पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन शाला परिवार एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता, भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना एवं नारियल अर्पण के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत एवं शिक्षकों का सम्मान कर बैठक की विधिवत शुरुआत की गई।



बैठक में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के पालकों को आमंत्रित किया गया था। बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार बच्चों की पढ़ाई, दिनचर्या, स्वच्छता, प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा, जाति प्रमाण पत्र, नेवता-भोज, पर्व-जन्मदिन, गुड टच-बैड टच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। शाला प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों की सुविधा हेतु उपलब्ध संसाधनों, उनकी उपयोगिता, सर्वांगीण विकास, शिक्षक एवं पालकों के बीच समन्वय, घर में अध्ययन हेतु माहौल निर्माण, शाला परिसर की पर्यावरणीय स्थिति, फर्नीचर, शौचालय सुविधाओं तथा बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थिति पर भी विचार-विमर्श हुआ। शिक्षकों को नियमित समय सारणी के अनुसार शिक्षण कार्य एवं सहगामी गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण एवं प्रकृति से सह-अस्तित्व की भावना पर भी जोर दिया गया।

**शाला विकास समिति का हुआ पुनर्गठन :** इस अवसर पर शाला विकास समिति का पुनर्गठन किया गया, जिसमें प्राथमिक शाला अध्यक्ष दामोदर प्रसाद ध्रुव, पूर्व माध्यमिक पीएम श्री शाला अध्यक्ष तिहारू राम साहू को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। पूर्व माध्यमिक शाला अध्यक्ष ने बताया कि स्कूल डेवलपमेंट कमेटी विद्यालय के विकास, संसाधनों के प्रबंधन एवं समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षकों की सूची इस प्रकार रही प्राथमिक शाला संतोष कुमार पाल (प्रधान पाठक), पोषण लाल वर्मा, पुष्पलता धुर्वे, जया वर्मा, संजय महिलांग, लवकेश कुर्रे, पूर्व माध्यमिक शाला ईनू राम वर्मा, मोहनलाल वर्मा, गोविंद राम साहू।

ग्राम पंचायत सरपंच निर्मला किरीत निषाद, उपसरपंच जीतू वर्मा सहित पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति सराहनीय रही।

शाला समिति के नवमनोनीत अध्यक्षों को गोवर्धन नायक, सनत कुमार वर्मा, रामनाथ साहू, हीराराम साहू, गेंदराम साहू, योगेश साहू, परदेसी राम ध्रुव, डॉक्टर प्रदीप दास, राजू तिवारी, नाथूराम ध्रुव, रिटायर पुलिस भोजराम वर्मा, खेमसिंह निषाद, दाऊं रवींद्र वर्मा बबला ध्रुव, मूलचंद साहू, डोमार सिंह आदिया व अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा हार्दिक बधाई दी गई।

## पैजनी स्कूल में हुई पालक-शिक्षक बैठक

**मुंडा** । शिक्षा नीति 2020 के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला पैजानी में पालक - शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन 1 अगस्त को किया गया, जिसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए पालक एवं शिक्षक तथा जनप्रतिनिधियों एवं छात्रों की उपस्थिति में विभिन्न मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की गई।

जिस पर मुख्य 12 बिंदुओं पर विशेष जोर देते हुए बच्चों के घर एवं शाला में अध्ययन के लिए उचित माहौल पैदा करना प्रतियोगिता परीक्षा के लिए तैयार करना एवं संस्कारिक शिक्षा प्रदान करना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जिसमें शारीरिक एवं मानसिक तथा अपने परिवेश से जुड़ते हुए शिक्षा ग्रहण करना एक अच्छे समाज के निर्माण में सहयोग प्रदान कर सके जिससे देश का विकास हो नैतिक शिक्षा पर जोर देने हेतु चर्चा किया गया। शिक्षा रोजगार मूलक हो इसके लिए हमारे नींव को ही मजबूत करना होगा। शिक्षा के साथ-साथ छात्रों को छात्रवृत्ति, जाति निवास, निशुल्क पाठ्य पुस्तक की उपलब्धता आदि विषयों पर चर्चा की गई ।



इस मेगा बैठक में शाला के प्रधान पाठक चूड़ामणि वर्मा गांव के सरपंच लोकेश्वर वर्मा, पूर्व सरपंच हलदर वर्मा, शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामेश्वरी वर्मा, पूर्व माध्यमिक शाला की शाला विकास समिति के अध्यक्ष गिरवर वर्मा, पंच जीवन टंडन, पालक शिव साहू आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे चर्चा में शाला के शिक्षकगण तथा छात्र भाग लिए।

### स्व. रामप्रसाद देवांगन की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**खरोरा** । सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य. विद्यालय खरोरा में आज भूमि दान दाता स्व.रामप्रसाद देवांगन उर्फ डंडीराम देवांगन के पुण्य तिथि पर उनके छायाचित्र पर उनके समस्त परिवार सुपुत्र डॉ. महेन्द्र देवांगन धर्मपत्नि कंचनं देवांगन, ईश्वरी प्रसाद देवांगन धर्मपत्नि कस्तूरी देवांगन गिरीश देवांगन (पूर्व मंत्री), कीर्ति देवांगन हरिओम प्रकाश देवांगन, स्वर्णलता देवांगन, अरविंद देवांगन (पूर्व नगर अध्यक्ष खरोरा), शेखर देवांगन (पार्षद वार्ड नं. 5), पंचराम यादव (पार्षद) हरीश देवांगन (व्याख्याता), चेतन प्रसाद द्विवेदी (सेवा निवृत आचार्य), रोहित वर्मा पत्रकार सहित छायाचित्र पर फूल माला एवं पूजा अर्चना कर पुण्यतिथि पर छायाचित्र में श्रद्धा सुमन व माल्यार्पण

## सशिमं में हुई मातृ गोष्ठी

**खरोरा** । सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य. विद्यालय खरोरा में शिशु कक्षा अरूण, उदय कक्षाओं में अध्ययनरत भैया/बहिनों के माताओं का मातृ गोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रधानाचार्य, तथा भारत लाल वर्मा के द्वारा माँ सरस्वती, भारत माता ओम के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के संजय वर्मा (प्रधानाचार्य), के प्राचार्य अश्वनी पाटकर एवं स्वागत अभिभावक माताओं के द्वारा किया गया। शिशुओं के सर्वांगीण विकास के लिए माताओं को विद्यालय में आमंत्रित कर विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया। प्राचार्य / प्रधानाचार्य ने शिशुओं के माताओं के समक्ष चर्चा के रूप संस्कार पक्ष में प्रतिदिन प्रणाम पूजा पाठ स्वच्छ वेश पहनाकर तथा बच्चों के अध्ययन अध्यापन का प्रतिदिन अवलोकन करने को कहा तथा बच्चों को संस्कार वान बनानें में माताओं की सहभागिता अहम भूमिका होती है तथा बच्चों का विकास के लिए परिवार व विद्यालय का सामंजस्य आवश्यक हैं।



## नवपदस्थ बीएमओ से मिले भाजपाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

नवपदस्थ विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवदीप बांधे से भाजपा कार्यकर्ताओं नें मंडल अध्यक्ष अनुपम बाजपेयी के नेतृत्व में सौजन्य मुलाक़ात कर उन्हें नवीन दायित्व की बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल हेतु शुभकामनायें दी, इस मुलाक़ात के दौरान स्थानीय अस्पताल परिसर सहित क्षेत्रीय चिकित्सा व्यवस्था में व्याप्त समस्याओं सहित स्टाफ की उपलब्धता संबंधित परेशानियों पर विस्तृत चर्चा कर उनके निदान हेतु विकल्प सुझाये गए | परिसर में पानी निकासी, ड्रेनेज़ सिस्टम की दिक्क़त पर नगर उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू नें नगर पंचायत के जिम्मेदार कर्मचारियों को तत्काल निराकरण हेतु निर्देशित किया एवं अन्य आवश्यक कार्यों हेतु जल्द समाधान का भरोसा दिलाया, भाजपा नेताओं एवं चिकित्सा अधिकारी नें मिलजुलकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लवन में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि पंकज अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश साहू, मंडल कोषाध्यक्ष धनेश टंडन, पार्षद प्रतिनिधि गोलू धीवर, विजय साहू, अजय साहू उपस्थित रहे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का आयोजन



**हथबंद** । ग्राम पंचायत हथबंद के सरपंच, पंच एवं वरिष्ठ जनों के सहयोग से शिविर का आयोजन सांवरा बस्ती हथबंद में किया गया, जिसमें संवारा बस्ती के युवक शामिल हुए साथ में लाभान्वित लोगों में लगभग 49 लोग शामिल हुए थे । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार प्रसार हेतु विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक प्रकार की नालसा की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई । विधिक सेवा के पात्र अभियान राष्ट्रीय लोक अदालत, साथी अभियान, बाल अपराध, बाल श्रम,बाल विवाह, जागृति अभियान, ड्रग डान, साथी अभियान, आशा अभियान, मध्यस्थता, आदि के बारे में जानकारी प्रदान किया गया।


स्वच्छता परमो धर्मः
नगर पालिका परिषद
बलौदाबाजार
अटल परिसर एवं नालंदा परिसर के
लोकार्पण एवं
भूमिपूजन
कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों का
हार्दिक स्वागत... वंदन... अभिनंदन...
मान. श्री अरूण साव जी
उप मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
मान. श्री टंकराम वर्मा जी
मंत्री -खेल एवं युवा कल्याण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन छ.ग. शासन
मान. श्री बृजमोहन अग्रवाल जी
सांसद, लोकसभा क्षेत्र रायपुर
महामहिम राष्ट्रपति से स्वच्छता सम्मान पर अभिनंदन
सभापति एवं पार्षदगण,
नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार
कार्यक्रम
कार्यक्रम तिथि - 03.08.2025, दिन रविवार
कार्यक्रम स्थान - नगर भवन, बलौदाबाजार
कार्यक्रम समय - दोपहर 02:00 बजे से....
श्री अशोक जैन जी
अध्यक्ष नगरपालिका परिषद, ब.बा
श्री जितेन्द्र महाले जी
उपाध्यक्ष नगरपालिका परिषद, ब.बा
विनीत- नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
01 अगस्त 2025 SHOW TIME
सन ऑफ सरदार - 02
शो समय - 12,3,6,9 बजे
महा अवतार नरसिम्हा
शो समय 12:00, 3:00 बजे
सैयारा
शो समय - 6:00, 9:00 बजे
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# किसान सिर्फ अन्नदाता नहीं, अब ऊर्जादाता भी बनेगा: शिवरतन शर्मा

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त के कार्यक्रम में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

कृषि विज्ञान केंद्र,भाटापारा में आयोजित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसान सम्मान निधि के हस्तांतरण कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने वर्चुवल सहभागिता की।

यह योजना साल 2019 में शुरू हुई थी, जिसमें हर चार महीने में किसानों को एक किस्त दी जाती है। अब तक 19 किस्तों के जरिए किसानों के खातों में 3.69 लाख करोड़ रुपए पहुंच चुके हैं। आज 20वीं किस्त के तहत 9.7 करोड़ किसानों को करीब 20,500 करोड़ रुपए किसानों को मिले। इस मौके पर उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री हर वर्ग के बारे में सोचते हैं। किसानों के लिए उन्होंने हमेशा से किया है और करते रहेंगे। सरकार द्वारा किसानों के सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजनाओं, आधुनिक तकनीकों, एवं जैविक खेती को लेकर शिवरतन शर्मा ने विस्तार से किसानो से संवाद किया। शिवरतन शर्मा ने कहा कि किसान सिर्फ अन्नदाता नहीं, अब ऊर्जा दाता भी बनेगा. हमारी सरकार किसानों के साथ खड़ी है. उनके हित में लगातार योजनाएं बना रही है। इस अवसर पर जिलापंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जिला महामंत्री राकेश तिवारी, जिलाध्यक्ष भाजयुमो सुनील यदु, जनपद सीईओ हिमांशु वर्मा, अवधेश उपाध्याय सहित कृषकजन एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।



### विपक्ष पर साधा निशाना

शिवरतन शर्मा ने विपक्ष पर भी निशाना साधा और कहा कि कुछ लोग कभी गरीबी में रहे ही नहीं, वे गरीबों की बात क्या समझेंगे? प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबों और किसानों के लिए सोचकर जनधन योजना, किसान निधि जैसी योजनाएं दी हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि 'ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा'. हमारी सरकार ने उसी संकल्प को आगे बढ़ाया है. किसान हमारे देश की रीढ़ हैं' हम उन्हें ऊर्जादाता बनाने के लिए हरसंभव काम कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### मोपका में मनाया जाएगा दूसरा ईतवार तिहार

**भाटापारा।** ग्राम पंचायत मोपका में 3 अगस्त को दूसरा ईतवार तिहार मनाए जाएंगे जिसमें गांव के शितला माता व महामाया में पूजा अर्चना गांव के बैगा देव चरण ध्रुव कान्हा धीवर के द्वारा किया जाएगा। शाम को महामाया में बैठेक किसानों द्वारा मवेशियों को खेतो से बचाना व गांव के चारों तरफ खेतो को तार से चेरा किया गया है। कुछ जगहों को और घेरा किया जाएगा किसानों के धान के फसल को बचाने सरपंच डा चेतन वर्मा, उपसरपंच संजय वर्मा, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष सालिक राम वर्मा, शाला विकास समीती अध्यक्ष गणेश शुक्ला, पंच परदेशी यादव, रमेश नवरंगे, पत्रकार टी.आर वर्मा, लक्ष्मण वर्मा, सुमहर साहू, आजू राम वर्मा, उमेराम वर्मा, सुखदेव साहू, भोज राम वर्मा, यशवंत पाटकर, लंकेश्वर साहू, हरिशंकर वर्मा, कोमल दास मानिक पुरी, पर्श यादव, मनाराम साहू किसान उपस्थित रहेंगे।

### स्कूली बच्चों ने निकाली कांवड़ यात्रा



**बंगोली।** शासकीय प्राथमिक शाला बंगोली के प्रधान पाठक सविता चंद्राकर के निर्देशन में श्रावण मास के चलते शनिवार को सभी शिक्षकों व कक्षा पहली से पांचवी तक के सभी स्कूली लड़कों ने बंगाली व पीली धोती वहीं लड़कियों ने पीला रंग फ्राक व साड़ी धारण कर कॉवड़ बनाकर जल भरकर सभी बच्चों ने बोल बम, हर-हर महादेव की गगनभेदी जयघोष नारा की जय जयकारा लगाते हुए स्कूल से महज पॉच सौ मीटर दूर स्थित तालाब पार के शिव मंदिर मे जल चढ़ाया गया।

## निधन

### गंगा बाई पाल

संडी बंगला । समीपस्थ ग्राम मढ़ी (बंजारी) निवासी गंगा बाई पाल (80) का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया।



जिनका अंतिम संस्कार मढ़ी के मुक्तिधाम में किया गया। अंतेष्टि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु व गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे सेतराम पाल के चाची, बिन्दु पाल, पुष्पलता पाल, तुलसी पाल एवं स्थानीय पत्रकार व छत्तीसगढ़ देसहा गड़रिया पाल समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी केशव पाल की दादी थी।

## बेंगलुरु से आए आचार्यों ने कराया अनुष्ठान, मंत्रोच्चार से गूंज उठा पूरा वातावरण

# श्री श्री ध्यान केंद्र में हुआ रुद्राभिषेक भक्तों ने की शिव की आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

श्री श्री ध्यान केंद्र, सुहेला में सावन के पावन माह में रुद्राभिषेक का कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर बेंगलुरु से आमंत्रित आचार्यों और पंडितों द्वारा विधि-विधान पूर्वक रुद्राभिषेक किया गया। पूजा-अनुष्ठान में ग्रामवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

आचार्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शिव का अभिषेक कर वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। रुद्राभिषेक के दौरान जल, दूध, शहद, दही, घी और बेलपत्र से भगवान शिव का अभिषेक किया गया। आचार्य ने अपने उद्बोधन में बताया कि रुद्राभिषेक से नकारात्मकता का नाश होता है और व्यक्ति के मन में सकारात्मक विचार उत्पन्न होते हैं। साथ ही यह भी बताया गया कि सावन मास में रुद्राभिषेक करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है।

**रुद्राभिषेक का आध्यात्मिक महत्व।** स्वामी धर्मानंद ने बताया कि सावन में विशेष रुद्राभिषेक महत्व होता है इसलिए रुद्राभिषेक किया गया, यहां पर मंत्रोच्चारण करते हैं जिसमें दूध दही घी से शिवलिंग का अभिषेक करते हैं मंत्रों द्वारा अभिषेक होने से पंचामृत बन जाता है चूंकि मंत्रों को संग्रहित करता है यह पदार्थ, मंत्रोच्चारण बाद ग्रहण करने से शारीरिक मानसिक तौर पर सुकून मिलता है आशीर्वाद मिलता है। गुरु और शिक्षक में अंतर बताते हुए स्वामी ने बताया कि शिक्षक हमें एक और एक दो होना बताते हैं जबकि गुरु एक और एक मिलकर एक ही होता है बताते हैं, यही मुख्य अंतर है तो है गुरु और शिक्षक में। सावन मास में प्रकृति पूरे पृथ्वी का अभिषेक करती है नए-नए फल, फूल, पौधे आते है वर्षा होती है प्रकृति से जो लेते हैं वापस प्रकृति को कृतज्ञता से देना ही रुद्राभिषेक कहलाता है और इसी क्रम में रुद्राभिषेक किया जाता है ।




### ग्रामीणों ने आयोजन को बताया दिव्य अनुभूति

गांव के श्रद्धालुजन इस आयोजन से अत्यंत लाभान्वित हुए और उन्होंने इसे एक दिव्य अनुभूति बताया। आयोजन के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और सभी ने मिलकर शिव भजन व कीर्तन में भाग लिया। कार्यक्रम में चंद्रशेखर वर्मा, ऋतुराज वर्मा, शैल वर्मा, शेषकुमार, विमला, सालिक सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### कौड़ियां से शिव भक्तों का जत्था शिव धाम के लिए रवाना



**पलारी ।** बोल बम कांवरिया संघ कौड़ियां से शिवभक्त पवित्र सावन मास में अपने आराध्य भगवान शिव को जल अर्पित करने श्वेत गंगा बम्हनी (महासमुंद) से जल लेकर सिरपुर के गंधेश्वर महादेव मंदिर तक पैदल यात्रा करके जाते हैं। जनपद सदस्य उमेश यद्धु, सरपंच प्रदीप वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर शिव भक्तों को रवाना किया उक्त अवसर पर उपसरपंच विष्णु साहू, पूर्व सरपंच हरिशंकर वर्मा, सनत वर्मा, डीलेश्वर यादव, इंद्रकुमार वर्मा, रोहन वर्मा, मोतीलाल कन्नौजे, परस वर्मा, बालाराम साहू, जोहन साहू, देवचरण साहू, महेश यादव, खिलेंद्र चंद्राकर, और गांव के नागरिक भी उपस्थित थे।

### अंतिम श्रावण सोमवार को भवानीपुर में शिवजी पर रुद्राभिषेक

भवानीपुर । ग्रामीण के तत्वाधान पर श्रावण मास के पावन अवसर में पार्थिव शिवलिंग पूजा, रुद्राभिषेक का आयोजन 4 अगस्त सोमवार को ग्राम भवानीपुर के गुड़ी चौक पर आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए गांव में साफ-सफाई चौक चौराहा में सजावट एवं रंगोली से घर के सामने सजाने के लिए ग्रामीणों से अपील किया गया है। यह आयोजन विश्व शांति, जन कल्याण और शिव भक्ति की भावना को समर्पित है। आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होकर सामूहिक रूप से पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक के माध्यम से भगवान शिव की आराधना करेंगे एवं ग्रामीण विधि विधान पूजा अर्चना कर अपने गांव एवं परिवार की खुशहाली की कामना करेंगे। यह कार्यक्रम आचार्य पंडित अशोक पाण्डेय, डाकेश्वर पांडेय के कृपापात्र उपस्थिति में संपन्न होगा। पार्थिव शिवलिंग पूजा रुद्राभिषेक में शामिल श्रद्धालुओं को बेलपत्र, पूजन सामग्री व अभिषेक सामग्री पार्थिव शिवलिंग निर्माण के लिए शुद्ध मिट्टी से अपने घर बनाकर आयोजन स्थल लाना है। तथा पार्थिव शिवलिंग निर्माण के लिए शुद्ध मिट्टी की व्यवस्था की जा रही है। यह पूजा में समस्त ग्रामीण को आयोजक समितियां द्वारा यह पूजा में शामिल होने की अपील की गई है ।

# शिव महापुराण में गणेश जन्मोत्सव प्रसंग सुनकर श्रोता हुए भावविभोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

हिरमी बालाजी मंदिर परिसर में चल रही शिव पुराण कथा आध्यात्मिक रंग में रंगी नजर आई जब शनिवार को गणेश जन्मोत्सव प्रसंग का पुण्य अवसर आया। चित्रकूट से शिक्षा प्राप्त अमेरा ( पलारी ) से पधारे देवी राधिका पाण्डेय ने इस अवसर पर कहा कि जो समस्त ब्रह्मांड के नायक हैं वही गणनायक हैं। गणेश जी हमारे जीवन के समस्त विघ्नों को हरते हैं, इसलिए वे 'विघ्नेश' कहलाते हैं। गणपति का स्मरण और भजनों की गूंज कथा के दौरान देवी राधिका ने बताया कि श्रको सर्वप्रथम पूजनीय देवता का स्थान मिला हुआ है यह स्वयं देवताओं द्वारा उन्हें प्राप्त वरदान है। उन्होंने कहा कि मानव मात्र को गणपति की सेवा और भक्ति करनी चाहिए क्योंकि वही कल्याणकारी हैं। श्रोताओं के बीच गूंजते गणेश भजनों और वैदिक मंत्रोच्चार ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पांचवा दिन की कथा सुनाते हुए कथावाचिका ने उपस्थित श्रोताओं को विशेष बात यह बतायी कि गणेश जी का वास्तविक सिर चंद्रदेव अपने पास उठा ले गए। इसी कारण गणेश चतुर्थी का व्रत करने पर माताओं के द्वारा चंद्रमा का दर्शन करके अर्ध्य देने की परंपरा बनी है।माताएं अपने पुत्रों की दीर्घायु के लिए अर्ध्य देकर गणेश जी के वास्तविक स्वरूप की पूजा करती हैं। इसीलिए माताओं द्वारा किये व्रत से उनके पुत्रों की रक्षा होती है। कथा के मध्य भगवान कार्तिकेय के प्रसंग को विस्तार से वर्णित करते हुए कथा में कहा जो अपने परिवार और समाज के हित में स्वयं का त्याग कर दे।



### नागरिकों ने किया कथा का रसास्वादन

भक्तों ने लिया भजन और आरती का आनंद कथागार में उपस्थित भक्तों, संतों और गणमान्य नागरिकों ने कथा का रसास्वादन करते हुए भजनों और मंत्र पुष्पांजलि में भाग लिया। कथा के षष्ठम दिवस रविवार को विशेष रूप से तुलसी विवाह प्रसंग की व्याख्या की जाएगी। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचने और कथा श्रवण करने की अपील की है।

# शिक्षकों ने पालकों से कहा- घर में पढ़ाई का माहौल बनाएं और बच्चों की दिनचर्या तय करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

- पीएमश्री डोंगरीपारा में हुई शिक्षक-पालक बैठक

जिला परियोजना समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार पीएमश्री विद्यालय डोंगरीपारा भानपुर, संकुल केंद्र थरगांव में शुक्रवार को विद्यालय स्तर पर मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन रखा गया था। जिसमे पालको के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने, उन्हें बच्चों के प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों में भविष्य की संभावना का आंकलनकर पालको के साथ समन्वय बनाते हुए संयुक्त रुप से परिणाम उन्मुखी प्रयास करने हेतु नई शिक्षा नीति 2020 के मंशा अनुरूप विद्यालयो में शासकीय विद्यालयो मे नियमित रूप में कराए जाने का निर्णय लिया है।



विद्यालय के प्रधान पाठक हीरा लाल साहू ने सभी पालको को इनके उद्देश्यों को बताया जिनमे बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालयो एवम पालको के मध्य समन्वय स्थापित करना है साथ ही बच्चों की सम्पूर्ण गतिविधि से पालक एवं शिक्षक दोनों ही अवगत हो । जिसमे बच्चों को सतत प्रेरणा एवम सही समय पर उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जा सके। शिक्षक एवं पालको मे संयुक्त प्रयास से बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक माहोल बन सके। और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप ड्राप आउट को रोकने के लिये पालको की भूमिका को भी सुनिश्चित किया जा सके ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक शिक्षक ललित साहू ने पालको को बैठक के एजेंडे को चर्चा करते हुए बताया कि बच्चों की पढ़ाई के लिए उचित वातावरण हेतु घर मे पढ़ाई का कोना या निश्चित स्थान तय करना है।

### बस्ता रहित शनिवार पर दी गई जानकारी

सभी बच्चों को प्रतिदिन प्रार्थना स्थान में आकर बोलने का अवसर प्रदान किया जाना है ताकि बच्चा बेझिझक बोल सके। बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा के बारे में बताया साथ ही बस्ता रहित शनिवार को कबाड़ से जुगाड़, जल बचाओ, धरती बचाओ, ऊर्जा सरंक्षण, पेड़ पौधे का सरंक्षण, करना नैतिक शिक्षा की जानकारी, योगा एवं शारीरिक क्रियाएं, स्वच्छता पर विशेष ध्यान, साफ सफाई, किचन गार्डन, खेल कूद सांस्कृतिक कार्यक्रम बिना बस्ता के स्कूल दिवस में दिया जाएगा। समय समय पर आयु/कक्षा अनुरूप स्याष्ट्य परीक्षण एवम पोषण किया जाता रहेगा, जिसमें पालको की सहयोग भी जरूरी है। इस संबंध में पालको को पूर्ण रूप से जानकारी भी प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक गण सभी पालकगण जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

# पीएम किसान की 20वीं किस्त जारी पंचायत प्रतिनिधियों ने देखा लाइव प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

- प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी से किया किसानों को संबोधित, पंचायत प्रतिनिधियों ने सराहा

ग्राम पंचायत अर्जुनी के पंचायत भवन में 02 अगस्त को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20 वी किस्त जारी की गई। जिसमें वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उदबोधन को टीवी स्क्रीन के माध्यम से पंचायत भवन में किसान समूह की महिलाएं पंचायत प्रतिनिधियों ने लाइव प्रसारण देखा और योजनाओं की जानकारी को सराहा।

उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किया है। कृषक चंद्रशेखर वर्मा ने बताया कि मेरे खाते में 2000 की राशि आ गई है जिसे मैं खेतों के निंदाई कार्य में खर्च करूंगा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



लाइव प्रसारण के दौरान पंचायत भवन में सरपंच कविता भगेला ध्रुव, उपसरपंच विष्णु साहू, सचिव राजेश साहू, सरपंच प्रतिनिधि सुखराम ध्रुव, ओमप्रकाश साहू, चंदरोतीन साहू, भोला यदु, रुपेश वर्मा, सचिन, सोनी, टिकेश्वरी साहू, राखी ध्रुव, चमेली निषाद, सुधु साहू, कन्हैया ध्रुव, जीवन साहू, विजय वर्मा, पार्वती ध्रुव, खेदु राम साहू, लीला वर्मा, रेखा वर्मा, यशवंत तिवारी सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों को मिला स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण, गार्डन ने बढ़ाई स्कूल की खूबसूरती

# खरतोरा हाईस्कूल में हरियाली की नई बहार, राची फाउंडेशन ने कराया सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

शिक्षा को एक सकारात्मक और स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से राची फाउंडेशन द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतोरा में वृहद स्तर पर सौंदर्यीकरण कार्य एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में चारों ओर हरियाली लाने हेतु सैकड़ों पौधे लगाए गए, वहीं स्कूल के मैदान को तार जाली से घेरकर सुरक्षित किया गया, जिससे पशुओं द्वारा मैदान में घुसपैठ न हो सके और छात्र-छात्राएं सुरक्षित वातावरण में अध्ययन एवं खेलकूद कर सकें।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में एक सुंदर गार्डन का निर्माण भी कराया गया, जिससे विद्यालय का वातावरण न केवल स्वच्छ बल्कि आकर्षक भी दिखाई दे रहा है। राची फाउंडेशन की इस पहल की चारों ओर सराहना की जा रही है, क्योंकि यह न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अहम कदम है, बल्कि विद्यार्थियों के मानसिक और शैक्षणिक विकास में भी यह सकारात्मक भूमिका निभाएगा।



उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने वक्तव्य में राची फाउंडेशन के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करती हैं। इस पूरे आयोजन ने यह स्पष्ट किया कि जब सामाजिक संगठन, ग्रामवासी एवं विद्यालय मिलकर कार्य करते हैं, तो शिक्षा और पर्यावरण दोनों का एक साथ विकास संभव है। राची फाउंडेशन की यह पहल न केवल खरतोरा बल्कि आसपास के गांवों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बन गई है।

### इन्होंने ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

इस अवसर पर गांव के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणजनों की भी सहभागिता उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में सरपंच राजेन्द्र भारती, उपसरपंच कमलेश साहू, पंच जितेन्द्र साहू, हेमकुमार साहू, इंद्र वर्मा, भागवत साहू, सावित्री जायसवाल, लक्ष्मी वर्मा, शाला विकास समिति अध्यक्ष देवदत्त वर्मा, उपाध्यक्ष लीलाधर साहू, सदस्य बीरसिंग साहू, हरिशंकर विश्वकर्मा, सेवक राम साहू, किशोर वर्मा, कमलेश साहू वरिष्ठ नागरिक बिशेषर वर्मा, ठाकुर राम विश्वकर्मा, तोला राम साहू, मनीराम साहू, दादूराम वर्मा, खेमनलाल साहू, संतोष पटेल, रवि साहू, राम खिलावन साहू, ईश्वर साहू विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने पौधारोपण में बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
12 दिन
स्लीपर मात्र 17,500/-
केरल दर्शन
मुन्नार, थेक्कड़ी, अल्लेप्पी, त्रिवेंद्रम
13 सितंबर, 20 सितंबर, 4 अक्टूबर, 15 नवंबर, 13 दिसंबर
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 3 एसी- 32,500/-,(+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411